केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक

श्री निशिथ प्रामाणिक का जन्म 17 जनवरी, 1986 को, श्री बिधु भूषण प्रामाणिक और श्रीमती छन्दा प्रामाणिक के घर जिला कूच बिहार, पश्चिम बंगाल में हुआ।

उन्होंने भेटागुरी लाल बहादुर शास्त्री विद्यापीठ, भेटागुरी, कूचबिहार से शिक्षा ग्रहण की। राजनीति में आने से पहले वे प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक थे।

वे पहली बार वर्ष 2019 में, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में 17वीं लोकसभा में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।

वह सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति के सदस्य और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की परामर्शी समिति के सदस्य थे।

वर्ष 2021 में, वह पश्चिम बंगाल के दिनहाटा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए। हालांकि, उन्होंने सांसद के रूप में बने रहने के लिए विधायक पद से त्यागपत्र दे दिया।

वर्तमान में, वह गृह मंत्रालय के साथ-साथ, युवा मामले और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

इन्हें संगीत और अध्ययन में रुचि है।